# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 08.01.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 08.01.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई से QA/QC उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) हरदोई द्वारा प्रस्तुत प्रगति विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि प्रगति विवरण में पिछली बैठक का कार्यवृत्त व अनुपालन आख्या संलग्न नहीं है। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अगली मासिक बैठक में जो विवरण विवरण प्रस्तुत किया जाये उसमें सबसे अंत में पिछली बैठक के कार्यवृत्त व अनुपालन आख्या अवश्य संलग्न की जाए।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) हरदोई।)**

2. प्रगति विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि जनपद की एफ.एच.टी.सी. (क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन) की प्रगति शून्य है जनपद में अब मात्र 10497 नग एफ0एच0टी0सी0 अवशेष रह गये है। बैठक में उपस्थित जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अवशेष हाउसहोल्ड को भी अति शीघ्र एफ.एच.टी.सी. से आच्छादित करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

Aoo AE/JE/cr
Hcc Ltd
DC DPmU
Sd/- 19/01/2026

3. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा आई0जी0आर0एस0 के सम्बन्ध में प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि माह दिसंबर 2025 में कुल 1340 शिकायतें आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर दर्ज हुई है जिसमें जलापूर्ति एवं लीकेज से सम्बन्धित शिकायतें अधिक मात्रा में प्राप्त हुई है। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था व जल निगम के अवर अभियंता को निर्देशित किया गया कि वह लोग क्षेत्र भ्रमण करते रहे तथा अपने–अपने क्षेत्र के प्रत्येक आपरेटर/ ग्राम प्रधान से वार्ता कर जलापूर्ति संबंधी शिकायतें जैसे लीकेज आदि की सूचना रजिस्टर में नोट कर समस्या का तत्काल निस्तारण करते रहें। अगली बैठक से पूर्व आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त कुल शिकायतों की संख्या एवं जलापूर्ति से सम्बन्धित शिकायतों को न्यूनतम करना सुनिश्चित करें तथा आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर लीकेज से सम्बन्धित शिकायतों की संख्या कम से कम होनी चाहिए। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि आई0जी0आर0एस0 के निस्तारण उपरान्त सत्यापन अधिशासी अभियन्ता द्वारा

10 प्रतिशत, सहायक अभियन्ता द्वारा 30 प्रतिशत तथा जूनियर इंजीनियर द्वारा शतप्रतिशत किया जाये।

**(कार्यवाही– अधि0अभि0 / सहा0अभि0 / अवर अभियंता जल निगम ग्रामीण हरदोई।)**

4. बैठक में उपस्थित जल निगम ग्रामीण के अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वह अपना–अपना एक शिकायत पंजिका बना ले जिसमें अपने–अपने क्षेत्र की शिकायतों को दर्ज करते हुये उनका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण भी करते रहें जिस अवर अभियंता के क्षेत्र में शिकायतें अधिक पाई जाएंगी उसे प्रतिकूल संज्ञान लिया जाएगा।

**(कार्यवाही– समस्त अवर अभियंता जल निगम ग्रामीण हरदोई।)**

5. बैठक में उपस्थित जिला समन्वयक, डी.पी.एम.यू. से जल मूल्य वसूली के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखंड अहिरोरी के ग्राम पंचायत नयागांव मुबारकपुर में कुल 400 लाभार्थियों से कुल 12000रू0 जल मूल्य शुल्क वसूला गया है। उन्हें निर्देशित किया गया कि अगले बैठक में प्रत्येक विकासखंड से एक–एक ग्राम पंचायतों से जल मूल्य शुल्क वसूल किया जाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 हरदोई।)**

हस्ता0——————
(अनुनय झा)
जिलाधिकारी
हरदोई।

# कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

**पत्रांक :** 228 / ज.प.-70 / 47 **दिनांक:** 19/1/26

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 19-01-2026
16:24:35

जिलाधिकारी
हरदोई।